# 64 आरओबी के निर्माण को दी हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटनाः राज्य सरकार के अनुरोध पर रेल मंत्रालय ने प्रदेश के राजकीय उच्च पथ व मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड पर स्थित 57 रेलवे समपार फाटक पर रेल ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। इन सभी समपार फाटकों पर बनने वाले आरओबी के निर्माण पर होने वाले खर्च का शत-प्रतिशत वहन रेलवे द्वारा किया जाएगा। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग के लेफ्ट आउट (बच गए) सात अतिरिक्त आरओबी का निर्माण भी कराया जाएगा। इनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रगति यात्रा के

**राज्य सरकार के अनुरोध पर रेल मंत्रालय ने दी मंजूरी, निर्माण पर होने वाले खर्च का शत-प्रतिशत वहन रेलवे द्वारा किया जाएगा**

दौरान घोषित किए गए आरओबी भी हैं। पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह एवं रेल मंत्रालय के आधारभूत संरचना सदस्य नवीन गुलाटी के बीच संपन्न एक उच्चस्तरीय बैठक में इस आशय का फैसला लिया गया। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए वह केंद्र सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हैं। नए आरओबी के निर्माण से न केवल अत्यधिक भीड़भाड़ वाले समपार फाटक से लोगों को मुक्ति मिलेगी, बल्कि अधिक सुरक्षित व निर्बाध आवागमन की सुविधा भी मिल सकेगी। राज्य सरकार द्वारा रेलवे को आरओबी निर्माण में हरसंभव सहयोग किया जाएगा। अगले दो वर्षों में राज्य के किसी भी कोने से चार घंटे के भीतर पटना पहुंचने के मुख्यमंत्री के लक्ष्य को साकार करने में भी इससे मदद मिलेगी।